
# भगवान जिनेन्द्र की विशाल रथयात्रा निकाली

**हिण्डौन सिटी।** उत्तर भारत के प्रमुख जैन तीर्थ स्थल श्रीमहावीरजी में चल रहे भगवान महावीर स्वामी के मेले में बुधवार को बैण्डबाजों व हजारों लोगों की भीड़ के बीच भगवान महावीर की विशाल रथयात्रा निकाली गई। मंदिर से रथ के बाहर आते ही भगवान महावीर के जयकारों से गगन गूंज उठा। रथ के आगे मीणा समाज के लोग हाथों में लाठियां लेकर भगवान जिनेंद्र के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। रथयात्रा गंभीर नदी के तट पर पहुंची, जहां नदी के जल भगवान की प्रतिमा का अभिषेक किया गया।नन्हे नन्हे बालक केसरिया पताकाएं लेकर आगे बढ़ रहे थे बैंड बाजे की धुन पर श्रद्धालु जमकर नाच रहे थे। प्राचीनतम रथ में स्वम मूलनायक भगवान जिनेन्द्र विराजे थे। भगवान महावीर के रथ पर सारथी के रूप में हिण्डौन के उपखण्ड अधिकारी हेमराज गुर्जर एवं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल मौजूद रहे। रथ के साथ ऐरावत हाथी और नाचते गाते श्रद्धालु भगवान जिनेंद्र के जयकारे लगाते आगे बढ़ रहे थे। श्री महावीरजी में आयोजित होने वाला मेला पूरे भारतवर्ष में सांप्रदायिकता की एक मिसाल पेश करता है। यहां सभी धर्मों सभी जातियों सभी वर्णों के लोग महावीर की रथ यात्रा में हिस्सा लेते हैं। रथयात्रा के दिन मीणा एवं अन्य जातियों के लोग मेले में हिस्सा लेते हैं। वार्षिक मेले में रथयात्रा के दिन भगवान महावीर का पंचामृत अभिषेक हुआ। भगवान जिनेंद्र का प्रक्षाल, पूजन विधान एवं पंचामृत अभिषेक सहित अनेक धार्मिक कार्य संपन्न हुए। पंडित मुकेश शास्त्री ने वैदिक पूजा विधान के अनुसार मंत्रोचार कर भगवान श्नीजी का जलाभिषेक करवाया। इसके बाद भगवान महावीर के रजत कलशों की बोली लगाई। वापसी में भगवान जितेंद्र की पदयात्रा गंभीर नदी से मुख्य मार्गों से होती हुई मुख्य मंदिर पहुंची। परम्परा के अनुसार रथ के आगे मीणा समाज के लोग हाथों में लाठियां लेकर चल रहे थे। वहीं वापसी में रथ की अगुवाई गुर्जर समाज के लोगों ने की। श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र में चल रहे भगवान महावीर के वार्षिक मेले में रथयात्रा से पहले चांदनपुर वाले बाबा भगवान महावीर का पंचामृत अभिषेक हुआ। प्रात:: 6 बजे भगवान जिनेंद्र का प्रक्षाल, पूजन किया गया।

रथ यात्रा के दौरान तीन पंक्तियों में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए। प्रथम पंक्ति में दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र के सुरक्षा कर्मचारी रथ यात्रा को सुरक्षा दे रहे थे दूसरी पंक्ति में महावीर वीर सेवक मंडल जयपुर के कार्यकर्ता पंक्तिबद्ध चल रहे थे, तो तीसरी पंक्ति में राजस्थान पुलिस के जवान मुस्तैदी से भगवान जिनेंद्र की रथयात्रा को सुरक्षा कवच प्रदान कर रहे थे। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। रथयात्रा में सुरक्षा को मद्देनजर रखकर 400 पुलिसकर्मी तैनात किए गए।



भगवान महावीर स्वामी के मेले में बुधवार को बैण्डबाजों व हजारों लोगों की भीड़ के बीच भगवान महावीर की विशाल रथयात्रा निकाली गई।

घोड़ी नृत्य रहा आकर्षक का केन्द्र श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी में आयोजित विशाल रथ यात्रा में घोड़ी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा दर्जनों घोडिय़ां भगवान जिनेंद्र की रथ यात्रा में नृत्य करती दिखी। ढोल की धुन पर नाचती घोडिय़ां भगवान जिनेंद्र की रथयात्रा को चार चांद लगा रही थी।

सुरक्षा की दृष्टि से जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, हिंडौन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल, हिंडौन पुलिस उपाधीक्षक गिरधर सिंह, हिण्डौन सदर थाना प्रभारी कैलाश चंद्र मीणा, नई मंडी थाना प्रभारी रामकिशन यादव, कोतवाली थाना प्रभारी हरलाल सिंह, सूरौठ थाना प्रभारी सुमन कुमार, श्री महावीर जी थाना प्रभारी कैलाश चन्द सहित 400 पुलिसकर्मी सुरक्षा इंतजामों को लेकर मेले में उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रबंध कार्य कमेटी के मंत्री सुभाष चंद जैन संयुक्त मंत्री उमराव मालसंघी, कोषाध्यक्ष विवेक कला भारत भूषण जैन, मंदिर प्रबंधक नेमी कुमार पाटनी सहित कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध हथियार, एम्यूनेशन व मैग्जीनों को जब्त कर 3 आरोपियों को किया गिरप्तार

**भरतपुर (निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भरतपुर व अति0 पुलिस अधीक्षक बयाना भरतपुर के निकटतम पर्यवेक्षण में वृत्ताधिकारी वृत शहर व वृत्ताधिकारी वृत रूपवास श्वेता पाठक आरपीएस द्वारा प्रभावी पुलिसिंग के तहत, थाना चिकसाना, थाना रूदावल, डीएसटी टीम व क्यूआरटी टीम भरतपुर की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये में भारी मात्रा में अवैध हथियार, एम्यूनेशन व मैग्जीनों को जब्त कर 3 आरोपियों को किया गिरफतार।

थाना चिकसाना क्षेत्र में 22 अप्रैल को थानाधिकारी देरावरसिंह व डीएसटी टीम के नेतृत्व में टीम गठित कर अवैध हथियार तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे विषेष अभियान के तहत मुखविर की सूचना पर चिकसाना पुलिस व डीएसटी टीम की संयुक्त कार्यवाही के दौरान कुलदीप के मकान गांव पीपला पहुँचा तो घर के कमरे में एक लडका सोता हुआ मिला जिस पर लडके से नाम पता पूछा तो अपना नाम कुलदीपसिह पुत्र कमलसिंह जाति ठाकुर उम्र करीब 22 साल निवासी पीपला थाना चिकसाना होना बताया। कुलदीप से असलाह के सम्बन्ध में पूछताछ की गई तो कुलदीप ने अपने कमरे में बैड से एक सफेद थैला निकाला एवं थैले से गुलाबी रंग की थैली निकाली एक थैली में 12 बोर के 47 राउण्ड, दुसरी थैली में 315 वोर के 48 राउण्ड एवं तीसरी थैली में 315 वोर के 20 खाली केस व 01 पुरानी मैग्जीन निकाल कर दी। पुलिस द्वारा कुलदीप के कब्जे से मिले अवैध प्रतिवंधित हथियारों के जिन्दा व खाली कारतूस व मैग्जीन रखने बाबत अनुज्ञापत्र लाईसेन्स के बारे में पूछा गया तो कुलदीप द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी अनुज्ञापत्र लाईसेन्स नही होना बताया।

पुलिस द्वारा आरोपी कुलदीपसिह पुत्र कमलसिंह जाति ठाकुर उम्र करीब 22 साल निवासी पीपला थाना चिकसाना को गिरफतार कर उसके कब्जे से 95 कारतूस जिन्दा, 20 कारतूस खाली व 01 मैग्जीन को जब्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध थाना चिकसाना पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त द्वारा असलाह कहाँ से खरीद या लाया गया इस सम्बन्ध में अनुसंधान जारी है। इसी प्रकार थाना रूदावल क्षेत्र में 14 मार्च 2024 को थानाधिकारी थाना रूदावल द्वारा राजेश उर्फ अनूज उर्फ लल्लू शूटर जाति गुर्जर निवासी हरनगर द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर अपने गाँव के पास अपने हाथ में अवैध हथियार लेकर फांयरिग करते हुये वीडियो वायरल किया गया था, जिस पर थाना रूदावल पर मुकदमा दर्ज किया जाकर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

प्रकरण में कार्यवाही करते हुये 7 अप्रैल 2024 को राजेश उर्फ अनूज उर्फ लल्लू शूटर को केन्द्रिय कारागृह जयपुर से प्रोटैक्शन वारण्ट पर प्राप्त किया गया था। आरोपी ने दौराने अनुसंधान बताया था कि मैने मेरे जन्मदिन पर जिस कट्टे से हर्ष फायरिंग की थी। उसको 1 अप्रैल .2024 को थाना सांगानेर सदर जिला जयपुर दक्षिण पुलिस द्वारा जप्त किया जा चुका है।

# सूरौठ के बलराम गोयल बने भारतीय सेना में कर्नल

**सूरौठ।** कस्बा निवासी बलराम गोयल लेफ्टिनेंट कर्नल से कर्नल के पद पर प्रमोशन होने पर ग्राम वासियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जाहिर कि खुशी कर्नल गोयल ने अपनी सफलता का श्रेय परिवारजनों सहित अपने गुरुजनों को दिया जिस पर, डां प्रभुदयाल सिंघल, रामवतार शर्मा अवधेश शर्मा नरेंद्र बाबा अनिल तिवारी बालकृष्ण शर्मा राधेश्याम शर्मा पाली, हरीशचंद्र शर्मा श्याम गोयल सतीश नागरिया राजीव शुक्ला घनश्याम सेठ कर्नल गोयल के पिता भगवान सहाय गोयल,व बड़े भाई सतीश पीलोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गोयल शुरू से पढ़ाई लिखाई में होशियार थें 1993 में सीनियर पास करने के पश्चात् दो साल पीएमटी कि तैयारी, करने के पश्चात् 1996 में एमबीबीएस में चयन हुआ कोटा मेडिकल कॉलेज से 2002 में डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् 2003 में जोधपुर में आर्मी में कैप्टन डां पद पर चयन होने पर परिवार जन सहित कस्बे में खुशी कि लहर दौड़ गई ,2008 में लेफ्टिनेंट मेजर पद पर प्रमोशन होने के पश्चात् इन्हें सियाचिन ग्लेशियर लगाया गया, मास्टर आंफ सर्जरी एमस में नंबर आने पर लखनऊ मेडिकल कॉलेज से डिग्री प्राप्त कि उसके बाद सुपर स्पेशलिस्ट आंत लीवर कि डिग्री आर आर हास्पीटल दिल्ली से प्राप्त कि,2018 में भोपाल में मेजर पद पर प्रमोशन हुआ,2021 में लेफ्टिनेंट कर्नल पद पर प्रमोशन उसके उपरांत बलराम गोयल की उत्कर्ष सेवाओं के लिए अप्रैल 2024 में लेफ्टिनेंट कर्नल से कर्नल के पद पर प्रद्योन्नित होने पर ग्राम पंचायत सूरोठ सरपंच पिंकेश शर्मा नत्थू सिंह राजावत, नादान मीना, राधेश्याम खटीक अग्रवाल समाज के प्रहलाद नागरिया, विश्राम मीणा बतू मेंबर, गिरधारी सोनी राजेंद्र विजय प्रभात विजयवर्गीय होलू सिंघल ,बनवारी पीलोदिया सत्तों पीलोदिया, लक्ष्मण पीलोदिया पुरूषोत्तम पीलोदिया, गिरधारी पीलोदिया आदि ने गोयल को बधाई प्रेषित करते हुए खुशी जाहिर की।



लेफ्टिनेंट कर्नल बलराम गोयल

# मूक प्राणियों को परिंडा लगाना पुनीत कार्य जिला कलेक्टर

**करौली (नि.स.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट ब गाइड जिला मुख्यालय करौली की ओर से मुक पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु परिंडे लगाये गए जिसका उद्घाटन जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने अपने-अपने निवास पर परिंदे लगाकर किया। सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की राजस्थान प्रदेश में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड की ओर से पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु परिंडा अभियान की शुरुआत कि गई है। इसी श्रृंखला में करौली में पक्षियों के लिए परिंडा अभियान प्रारंभ किया गया जिसका उद्घाटन जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने अपने निवास पर परिंडा लगाकर किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सीओ स्काउट करौली से परिंडा अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं इस कार्य को पुनीत कार्य बताते हुए अधिक से अधिक परिंडे लगाने की अपील की उन्होंने इस कार्य को बहुत ही पुनीत बताते हुए स्वयं अपनी ओर से भी परिंडा अभियान में आर्थिक सहयोग दिया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने अपने निवास पर परिंडा लगाया एवं आमजन से अपील भी कि की ग्रीष्म ऋतु में जहां पक्षियों को दाना पानी का अभाव हो जाता है ऐसी स्थिति में बहुत से पक्षी मर जाते हैं उनके लिए दाना एवं पानी की व्यवस्था हो जाए तो यह उनके लिए पुनीत कार्य होता है। उन्होंने आमजन से अपील कि है की अपने-अपने घर पर एक-एक परिंडा अवश्य लगाए। जिला पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे।




करौली मे भारत स्काउट गाईड कि ओर से परिंडा अभियान की शुरूआत की गई है।

# छेड़छाड़ से परेशान युवती ने की आत्महत्या

**हिण्डौन सिटी।** भाई की शादी में निकासी के बीच डांस करने के दौरान हुई छेड़छाड़ व विवाद से परेशान होकर 19 साल की युवती ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई की शादी की रात बहन द्वारा आत्महत्या करने से परिवार में कोहराम मच गया और शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गई। परिजनों ने छेड़छाड़ करने वाले युवक के खिलाफ हिण्डौन नई मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।जानकारी के अनुसार हिण्डौन के एक गाँव निवासी मृतका के पिता ने इस संबंध में रिपोर्ट दी है कि मंगलवार को युवती के चचेरे भाई की शादी थी। शाम 7 बजे बारात जाने से पहले गाँव में ही निकासी हो रही थी। इस दौरान उसकी बेटी डांस कर रही थी। तभी गांव का रहने वाले सुनील जाटव ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। इस बात को लेकर झगड़ा भी हुआ था। इसके बाद बारात दौसा जिले के एक गाँव के लिए निकल गई। बारात जाने के बाद घर पर युवती ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और पंखे के कुन्दे से फंदा लगाकर झूल गई। कुछ देर बाद युवती की मां व अन्य महिलाओं ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद देखा और उसके खुलवाने के लिए आवाज लगाई लेकिन दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से अंदर की तरफ झांकने पर युवती फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। सूचना पर मृतका के पिता, दो भाई व अन्य परिजन बारात से वापस घर आ गए। ग्राइंडर मशीन से गेट का लॉक तोड़कर कमरे के अंदर घुसे और युवती को नीचे उतारकर रात को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

## गरीब बच्चों को फल व मिठाई वितरित की

**भरतपुर (निस)।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (महिला इकाई) जिला शाखा भरतपुर द्वारा महाराजा प्रताप गाडिया लुहार छात्रावास रंजीत नगर भरतपुर में हनुमान जयंति महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत, गरीब बच्चों के बीच भजन संध्या, प्रसाद एवं फल वितरण कार्यक्रम किया गया। महिला इकाई महामंत्री शोभा कंसल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रावास के बच्चों को सनातन धर्म से जोडना था। इस कार्यक्रम में बच्चों ने सभी के साथ सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया और पूजा अर्चना की। तत्पश्चात वैशणवी, वीरेन्द्र सिंह विष्ट एवं सीमा मंगल ने मधुर भजन गाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अग्रवाल सम्मेलन एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन अनिल लोहिया का स्वागत विनोद कुमार मंगल ने दुपट्टा पहनाकर किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में हनुमानजी एवं स्व. श्री सत्यप्रकाश गुप्ता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पहार श्रीमति सीमा मंगल एवं विनोद कुमार मंगल ने अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में सभी 50 बच्चों को मिठाई, फल आदि का वितरण कार्यक्रम संयोजक सीमा मंगल ने किया। इस कार्यक्रम में रिद्धी गुप्ता, सुदेश गुप्ता, मंजू सिंहल, डॉ. सुधा अग्रवाल, गोविन्द गुप्ता, शंकरलाल, धवल व्यास आदि लोगों की भागीदारी रही।

# जिला जज सतीश चंद ने किया जेल का औचक निरीक्षण

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर सतीश चंद ने जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया।

- **निरीक्षण के दौरान बंदियों को कारागृह में मिलने वाली सुविधाओं जैसे भोजन, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल चिकित्सकीय सुविधाओं व रसोईघर का जायजा लिया**

निरीक्षण के दौरान उन्होने बंदियों को कारागृह में मिलने वाली सुविधाओं जैसे भोजन, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल चिकित्सकीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक आदि की साफ सफाई का जायजा लिया। साथ ही कारागृह के बंदियो से रूबरू होकर उनके प्रकरणों से संबंधित जानकारी ली।

जिला न्यायाधीश सतीश चंद ने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण में पैरवी के लिए कोई अधिवक्ता नहीं है तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक को अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय को अवगत कराए। उनके माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति के लिए विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर को भिजवाए, जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी के लिए प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके। इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है और वह अपील करना चाहता है तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है। ऐसे बंदी को भी अपील के लिए विधिक सहायता के माध्यम से नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जाएगा।

इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनीता मीणा, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के कनिष्ठ लिपिक प्रदीप शर्मा, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी, जेलर पूरन सिंह, हैड कांस्टेबल मनोज आदि मौजूद रहे।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर सतीश चंद ने जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया।

## हनुमान जयंती मनाई

**भरतपुर (निस)।** नगर निगम के वार्ड 43 में विभिन्न स्थानों पर श्री संकटमोचन हनुमान जी महाराज की जन्म जयंती मनाई गई। सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की गई।
हाउसिंग बोर्ड सेक्टर एक व सेक्टर दो में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में श्री बालाजी सुंदर काण्ड पाठ सत्संग मंडल द्वारा संगीतमय सुंदर काण्ड का पाठ हुआ। जिसमे सैकड़ों भक्तजनो ने नाचते झूमते रसमयी भक्ति में लीन होकर संकटमोचन हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद दीपक मुदगल, हरबीर सिंह, अनिल शर्मा, मनीष शर्मा, दान सिंह शोभित मुदगल, दुर्गेश, संकल्प एवं महिलाओं ने सत्संग मंडल के सदस्य रामकिशोर फौजदार, वैध मुकेश कुमार शर्मा, गुलशन, जितेंद्र फौजदार, बाबू सिंह, संजय शर्मा, भगवान सिंह, गोपाल, ज्योति, बबीता, रेशमा फौजदार का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। पार्षद दीपक मुदगल ने बताया की चैत्र शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार के दिन पड़ना अतिमंगलकारी है। हनुमान जी की अपार शक्ति मंगल ग्रह के गुणों का प्रतीक है। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान जी की पूजा करने से भक्तों को अपने जीवन में चुनौतियों से निपटने की अपार शक्ति प्राप्त होगी।

## सार-समाचार

### पशु कार्मिक ने किया रक्तदान



**करौली (नि.स.)।** करौली सामान्य चिकित्सालय मे रक्त के अभाव में उपचाराधीन बृजेश देवी पत्नी नेमीचंद शर्मा को पशु चिकित्सालय के कार्मिक रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने रक्तदान कर परोपकार का कार्य किया जिसके लिए पीड़ित और पीड़ित परिवार ने बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया एवं रक्तदान कर्ता ने रोगी के हाल जाने और उन्होंने रक्तदान के महत्व पर चिकित्सा एवं चिकित्सा कर्मियों से विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी पीड़ित व्यक्ति को हो तो ऐसे अवसर पर मुझे रक्तदान करने का मौका अवश्य दें।

### केन्द्र संचालकों को सम्मानित किया जायेगा

**भरतपुर (निस)।** राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लि. राजस्थान जयपुर के सेवा प्रदाता डैश स्किल एडुट्रेन प्रा.लि. भरतपुर के द्वारा होटल ईगल नेस्ट में शुक्रवार को राजस्थान डिजिटल सशक्तिकरण मिशन के तहत जिले में उत्कृष्ट करने वाले ज्ञान केन्द्र संचालकों को सम्मानित किया जायेगा। संस्था निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डीग, कुम्हेर डॉ. शैलेष सिंह होगें। साथ ही कार्यक्रम में आरकेसीएल जयपुर के सीएफओ दिनेश खण्डेलवाल व क्षेत्रीय प्रबन्धक विशाल चक्रवर्ती भी उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम में भरतपुर, अलवर, करौली व धौलपुर जिले के 150 से अधिक ज्ञान केन्द्र उपस्थित रहेगें।

### व्यापारी के साथ मारपीट मामला दर्ज

**नदबई (निस)।** दुकान बंद कर अपनी कार से घर जा रहे दुकानदार की कार के आगे अनबैलेंस होकर मोटरसाइकिल गिर गई। जहां मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने दुकानदार से मारपीट कर कार में तोड़फोड़ कर दी। जिसके बाद दुकानदार ने बाइक सवार एक नामजद सहित दो अन्य के खिलाफ नदबई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार रणजीत नगर भरतपुर निवासी मनीष पुत्र नरेन्द्र कुमार अरोडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पीड़ित मनीष की थाने के सामने नेट (वाईफाई) की दुकान है। पीड़ित रात को अपनी दुकान को बंद कर अपने घर भरतपुर के लिए कार से जा रहा था। जैसे ही पीड़ित रेलवे फाटक समीप बैंक ऑफ बडौदा के सामने पहुंचा, तो पीड़ित की कार के सामने एक मोटरसाईकिल पर तीन व्यक्ति बैठकर जा रहे थे। जो बैलेन्स खराब होने कारण पीड़ित की कार के सामने गिर पडे। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि मोटरसाइकिल को गांव कबई निवासी सोनू चल रहा था। आरोपी सोनू और दो अन्य युवकों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज कर मारपीट की और कार पर पत्थर से हमला कर तोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि बाइक सवार आरोपी कार में से आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व 5,780 रुपए को चोरी करके ले गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीवरेज ब्लॉक होने से निवासी परेशानी

**भरतपुर (निस)।** जवाहर नगर कॉलोनी में आए दिन सीवरेज ब्लॉक होने से स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। सीवरेज की सफाई के लिए नगर निगम की टीम के द्वारा जवाहर नगर चौराहे के समीप सक्शन मशीनों के द्वारा सीवरेज को साफ कराया जा रहा है। पूरे शहर में सीवरेज की लाइन डाली गई हैं। लेकिन कई जगहों पर आए दिन सीवरेज ब्लॉक होने की समस्या देखने को मिलती है। जिसके चलते कई बार सीवरेज का गंदा पानी सडकों पर फैलता है। जिसकी दुर्गन्ध से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पडता है। कुछ लोगों का कहना है कि सीवरेज लाइनें ठीक से नहीं डाली गई हैं। जिसके चलते सीवरेज का फ्लो ठीक नहीं होता है और ब्लॉक होने की समस्या आती है। जिस पर नगर निगम की टीम के द्वारा सक्शन मशीनों से सीवरेज लाइन की सफाई की जाती है। फिलहाल नगर निगम की टीम सीवरेज की लाइन को प्रेशर द्वारा साफ कर रही हैं।

### चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया

**भरतपुर (निस)।** मथुरा गेट थाना पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराई हुई बाईक को बरामद किया है। 22 अप्रैल 2024 को शिवनगर थाना मथुरागेट निवासी विजयसिंह पुत्र अमरसिंह जाति माली ने अज्ञात चोर के विरूद्ध उसकी एक मोटरसाईकिल को मकान के सामने कृष्णानगर से चोरी कर लेजाने का एक मामला थाना मथुरागेट पंजीबद्व कराया था। जिस पर एएसआई राधाकिशन मय जाप्ता द्वारा दौराने अनुसंधान त्वरित कार्यवाही करते हुये इस मामले के आरोपी अनिल पुत्र होशियारसिंह जाति जाट उम्र 22 साल निवासी जाटौली रथभान पुलिस थाना चिकसाना को गिरफ्तार कर चुराई गई मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है।

### आरोपी को गिरफ्तार किया

**भरतपुर (निस)।** मथुरा गेट थाना पुलिस ने अवैध तलवार लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर अवैध तलवार जब्त की है। एसपी मृदुल कच्छावा के द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ धरपकड अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मथुरा गेट थाना क्षेत्र में पुरानी कचहरी के पास हरिजन बस्ती में अवैध तलवार लेकर घूमते पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी भूरा निवासी बसेडी को गिरफ्तार कर अवैध तलवार को जब्त कर थाने पर मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी है।

### वाहनों की निशुल्क व्यवस्था

**गंगापुर सिटी।** लोकसभा आम चुनाव 2०024 में नियुक्त मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण दिवस 25 अप्रैल को महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय साहूनगर सवाई माधोपुर तक पहुंचने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सशुल्क वाहनों की व्यवस्था की गई है। प्रभारी अधिकारी यातायात प्रकोष्ठ सवाई माधोपुर ने बताया कि बस स्टैण्ड बालेर से प्रात: 5:3० बजे, बस स्टैण्ड खण्डार से प्रात: 6 बजे, बस स्टैण्ड शिवाड से प्रात: 6 बजे, चौथ का बरवाडा से प्रात: 6 बजे, मित्रपुरा से प्रात: 5:3० बजे, बस स्टैण्ड वजीरपुर से प्रात: 5:3० बजे, बस स्टैण्ड मलारना डूंगर से प्रात: 6 बजे एक-एक बस मतदान दिवस 25 अप्रैल को प्रशिक्षण स्थल के लिए रवाना होगी।

## दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरप्तार

**भरतपुर (निस)।** बयाना थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफतार। बयाना थाना पर एक महिला ने शादी का झांसा देकर एक व्यक्ति पर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया था।

**नाम परिवर्तन**

मैं जीतराम मीना जीएस-191822 एक्स निवासी गॉव रूंधपुरा तहसील-मासलपुर जिला करौली शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मेरी पत्नि का सही नाम सुशीला मीना जन्म दिनांक 20.06.1980 है। जबकि मेरे सर्विसबुक रिकार्ड में गलती से मेरी पत्नि का सुशीला देवी नाम दर्ज हो गया है। मैं जीतराम मीना जीएस-191822 एक्स के अधीनस्थ ओईएम ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हूँ। मेरी पत्नि का सही नाम सुशीला मीना और जन्म दिनांक 20-06-1980 किया जावें।

**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: श्रीटावर्स , प्लॉट संख्या 14 ए , साउथ फेज, इंडस्ट्रियल स्टेट, गुंदी, चेन्नई- 600032 तमिलनाडु
शाखा कार्यालय:- रोडवेज डिपो के सामने, प्रीमियर टावर, प्रीमियर ग्लास हाउस के ऊपर, आगरा रोड, दौसा- 303303 राजस्थान

**प्रतीकात्मक कब्जा नोटिस**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पढ़े गए उक्त अधिनियम के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है, ताकि उक्त मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाई जा सके।
उधार कर्ताओं द्वारा ऋण राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधार कर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षर कर्ता ने धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अप्रैल 2024 के इस 16 वें दिन नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है। जो की उक्त अधिनियम एवं उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा गया।

| उधारकर्ता का नाम और पता | मांग पत्र के अनुसार देय राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| 1). मैसर्स जगदम्बा मां टायर्स का प्रतिनिधित्व मालिक इंद्राज सिंह गुर्जर पुत्र दर्शन सिंह गुर्जर, नादौती रोड श्रीमहावीरजी हिंडौन सिटी, तहसील- हिंडौन, करौली -322220, राजस्थान इंद्राज सिंह गुर्जर पुत्र दर्शन सिंह गुर्जर, बालाजी मंदिर के पास, नोरंगाबाद, श्रीमहावीरजी, तहसील- हिंडौन, करौली- 322220 राजस्थान (उधारकर्ता) 2). दर्शन सिंह गुर्जर पुत्र नंगूराम गुर्जर, अकबरपुर, श्रीमहावीरजी, तहसील- हिंडौन, करौली- 322220, राजस्थान 3). रूप सिंह पुत्र रामसहाय अकबरपुर, श्रीमहावीरजी, तहसील-हिंडौन, करौली-322220, राजस्थान 4) सुमन देवी पत्नी दर्शन सिंह गुर्जर, अकबरपुर, श्रीमहावीरजी, तहसील- हिंडौन, करौली- 322220, राजस्थान (सहउधारकर्ता) | ऋण खाता संख्या :- CDDASTF2001300006 डिमांड नोटिस दिनांक :-08-02-2024 के संदर्भ में रूपए Rs-30,91,848/- (तीस लाख ईकरांनवे हजार आठ सौ अड़तालीस रुपये मात्र) का भुगतान करने के लिए | वह सभी खसरा नंबर -2439, 239.19 वर्गगज या 200 वर्गमीटर का क्षेत्रफल या 0.020 हेक्टेयर आयताकार ग्राम अकबरपुर, देवनारायण चोराहा के पास, श्रीमहावीरजी, पटवार हल्का नौरंगाबाद, तहसील- हिंडौन, जिला करौली, राजस्थान में स्थित है और निम्नानुसार घिरा हुआ है। खसरा संख्या-2439 की सीमाएँ इस प्रकार हैं :- उत्तर की ओर : रूप सिंह की संपत्ति दक्षिण की ओर : संपत्ति दर्शन सिंह गुर्जर पूर्व की ओर : नादौती रोड पश्चिम की ओर: दर्शन सिंह गुर्जर की संपत्ति |

यह नोटिस बड़े पैमाने पर आम जनता को सावधान करने के लिए भी है कि श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के पास ऊपर उल्लिखित अचल संपत्ति का वैध प्रतीकात्मक कब्जा है और उधार कर्ता या कोई भी व्यक्ति श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना उल्लिखित उपरोक्त किसी भी संपत्ति को पट्टे पर देना/ विक्रय करना या अन्यथा निपटान अथवा अलग करना इस नोटिस की प्राप्ति के बाद बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण नहीं करेगा।

Sd/-
अधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड

स्थान: दौसा
दिनांक: 25-04-2024

# कलेक्टर ने जिलेवासियों से की मतदान की अपील



गंगापुर सिटी मतदान की अपील करते जिला कलेक्टर।

**गंगापुर सिटी।** जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2०24 के द्वितीय चरण में टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान दिवस 26 अप्रैल पर जिलेवासियों की सक्रिय भागीदारी एवं शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु मतदाताओं से मतदान की अपील की। जिला कलक्टर ने कहा कि टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए गंगापुर सिटी से मतदान करने वाले सभी मतदाताओं से अपील है कि वे 26 अप्रैल 2०24 को प्रात: 7 बजे से साँय 6 बजे तक अपने-अपने मतदान केन्द्र पर जाकर अपने मतदान के अधिकार का उपयोग जरूर करें।

प्रशासन द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर समस्त मूलभूत सुविधाएं जैसे शीतल पेयजल, छाया, बिजली, शौचालय, वोलेंटियर्स, व्हीलचेयर, रेंप, साइनेज, फर्नीचर, बेरिकेडिंग, सुलभ रास्ता एवं सेल्फी पॉइंट आदि की व्यवस्था की गई है। लोकतंत्र का यह हमारा सबसे बडा पर्व है उसमें मुझे उम्मीद है कि हम सब मिलकर अपना योगदान देंगे।

उन्होंने चुनावों से संबन्धित नवाचारों से अवगत कराते हुए बताया कि इस बार हेपी आवर्स प्रात: 7 से 9 बजे तक मतदान करने वाले टॉप 10 फर्स्ट टाईम वोटर्स को राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्रमाणित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही मतदान केन्द्र पर स्थित सेल्फी बूथ से एक्स (ट्विटर) पर एवं को फेसबुक पर टेग कर मतदान की स्याही के निशान को दिखाते हुए शेयर की गई टॉप 1० मतदाताओं की सेल्फीज को जिला कलक्टर और टॉप 1 सेल्फी को राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सोशल मीडिया हैंडल से शेयर किया जाएगा जिससे ये सभी मतदाता लोकतन्त्र निर्माण की इस मुहिम में सम्मानपूर्वक औरों के लिए भी प्रेरणा बन सकेंगे। डॉ. सैनी ने बताया कि जिले में वोटर्स टर्न-आऊट बढाने में अहम भूमिका अदा करने वाले टॉप 3 बूथ जागरूकता समूह के सदस्यों को उनके विभागीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। वहीं जिला स्तर पर स्वीप गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढाने में योगदान देने वाले टॉप 3 एडोप्शन अधिकारियों को भी जिला कलक्टर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान जिला कलक्टर ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेकर लोकतन्त्र के प्रति जिम्मेदारी अदा करने की अपील की।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर रवि वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जयलाल मीना, नगर परिषद आयुक्त रिंकल गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बत्तीलाल मीना साहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 22 लाख 5955 मतदाता पंजीकृत

**उदयपुर,** (निसं)। लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान के लिए पत्र मतदाताओं की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। उदयपुर जिले में कुल 22 लाख 5955 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से मावली और वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता चित्तौड़ संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान करेंगे, वहीं उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए डूंगरपुर जिले के आसपुर और प्रतापगढ़ जिले के धारियावाद विधानसभा क्षेत्र सहित कल 22 लाख 30 हजार 971 मतदाता देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गत 8 मार्च को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया था। इसके पश्चात 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र मतदाताओं से 24 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल।

## सार-समाचार

### बैठक का आयोजन किया

**भरतपुर ( निस )।** महाराजा सूरजमल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक एसोसिएशन द्वारा शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. जागृति शर्मा द्वारा किया गया संस्था के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं संस्था के निर्देशक डॉ. भूपेंद्र सोलंकी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वालित कर किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावक श्री फ़तेह सिंह, श्रीमती सरिता सारस्वत, हेमलता, राजेश कुमार, संगीता देवी आदि सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए तथा आई.क्यू.ए.सी. की समन्वयक डॉ. नीलम सिंह ने शिक्षक अभिभावक बैठक के उद्देश्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम के बारे में संस्था के प्रवक्ता डॉ. भारती शर्मा, डॉ. हरेन्द्र कैन, डॉ. जीतेंद्र सिंह, डॉ. हरेन्द्र कुमार शर्मा, योगेन्द्र कुमार, शशिकान्ता शर्मा, शंकर लाल, सुलेखा अग्रवाल आदि ने अभिभावकों से विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक-अभिभावक एसोसिएशन के प्रभारी एवं सह-प्रभारी डॉ. दीनदयाल शर्मा एवं बृजेश कुमारी फौजदार ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### छात्रों की दो टीमों द्वारा सर्वेक्षण किया

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर शहरी क्षेत्र में मच्छरों की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत मच्छर ब्रीडिंग स्थलों की पहचान एवं सर्वे करने के लिए महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र के एंटोंमोलॉजी संकाय के छात्रों की गठित दो टीमों द्वारा वार्ड नंबर 8, 18, 45 एवं 53 के विभिन्न एरिया एवं हरिजन बस्ती, कब्रिस्तान, बी नारायण गेट, सोगरिया मोहल्ला, राधा स्वामी सत्संग भवन, पटपरा मोहल्ला, नीमदा गेट, दीनदयाल नगर, विकास नगर का सर्वेक्षण किया गया। प्राणी शास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि क्षेत्रों में पानी के टैंक, तालाब, नालियां आदि का सर्वे कर लार्वा सैम्पल एकत्रित किये गये। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण किए गए तालाबों, खुले नालियों और अन्य जल संग्रह स्त्रोत पर भारी मात्रा में मच्छर और उनके लार्वा पाए गए तथा कुलेक्स मच्छर एवं उनके लार्वा बहुत अधिक मात्रा में थे। प्राणी शास्त्र विभाग के आचार्य डॉ. मुकेश कुमार ने टीम लीडर पुष्पेंद्र कुमार एवं गरिमा सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए सर्वेक्षण रिपोर्ट की सूचना जिला प्रशासन को दी। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने प्राणी शास्त्र विभाग की रिपोर्ट के अधार पर सफाई कार्य एवं मच्छरों की संख्या को कम करने के लिए नगर निगम को सफाई करने एवं खुली नालियों में दवाईयों का छिडकाव तथा फॉगिंग का कार्य करने हेतु निर्देशित किया। सफाई के लिए नगर निगम द्वारा टीम गठित कर सफाई कार्य एवं कीटनाशकों का छिड़काव प्रारम्भ कर दिया गया है। शिक्षण संस्थाओं एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों के द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण एवं रोकथाम का मुख्य उद्देश्य भरतपुर शहर को मच्छर जनित बीमारियों से मुक्त करना है।

### धर्मशाला निर्माण कार्य शुरू

**गंगापुर सिटी।** मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में इंदरगढ माता दरबार जिला बूंदी में धर्मशाला निर्माण की नींव 24 अप्रैल बुधवार को समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर रखी गई। पंडित कैलाश चंद्र शास्त्री द्वारा नीव पूजन कराया गया। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि सभी दानदाताओं के सहयोग से इंदरगढ माता के दरबार में धर्मशाला का निर्माण प्रारंभ हो रहा है शीघ्र ही गंगापुर सिटी वालों की धर्मशाला दर्शनार्थियों के लिए उपलब्ध हो सकेगी। इस मौके पर समिति अध्यक्ष देवी चरण गर्ग, अशोक करौली, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, मदन मोहन गोठरा, गोविंद प्रसाद गुप्ता पूर्व मंडी अध्यक्ष, दिनेश चंद्र करणपुर वाले, चंद्रभान स्वास्तिक, वेद प्रकाश मंगल, मनीष सिंघल, कैलाश चंद, प्रदुमन गुप्ता, सुनील गर्ग, रघुनंदन करौली, मदन मोहन वजीरपुर, अनुराग गर्ग, धूजी लाल, राजू बैराडा, बंटी खूटामांर, राहुल मालधनी, मनसुखा आदि सहित समिति के दर्जनों कार्यकर्ता भक्तजन धर्मशाला के शिलान्यास में मौजूद रहे। इस मौके पर माता रानी के दर्शन कर भोग प्रसादी लगाकर कन्याओं को भोजन कराया गया।

### नेत्र रोग विशेषज्ञ के ट्रांसफर पर हाईकोर्ट नें लगाई रोक

**हिंडौनसिटी ।** जिला चिकित्सालय हिंडौन में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नंदमोहन सुमन के तबादले पर राजस्थान उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है, हाईकोर्ट के आदेश की पालना में डॉ. सुमन ने बुधवार को जिला अस्पताल में कार्यभार ग्रहण कर लिया। पिछले माह राज्य सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एक आदेश जारी कर जिला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नंदमोहन सुमन को एपीओ करते हुए जिला चिकित्सालय बांसवाडा ट्रांसफर कर दिया था। अचानक आए राज्य सरकार के इस आदेश के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर की गई। जिस पर राजस्थान हाइकोर्ट नें चिकित्सा विभाग के ट्रांसफर आदेश पर रोक लगाते हुए हिंडौन जिला अस्पताल में जॉइन कराने आदेश दिए। अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि 15 मार्च को चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग की संयुक्त शासन सचिव ने एक आदेश जारी करते हुए हिंडौन जिला अस्पताल में कार्यरत नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ नंदमोहन सुमन को एपीओ करते हुए मुख्यालय जयपुर जॉइन करने के आदेश जारी किये और 16 मार्च को जयपुर मुख्यालय से जिला अस्पताल बांसवाडा ट्रांसफर करने के आदेश जारी कर दिए। उक्त आदेश की प्रार्थी के अधिवक्ता विजय पाठक द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग के प्रमुख शासन सचिव,संयुक्त शासन सचिव,निदेशक और पीएमओ हिंडौन को पार्टी बनाते हुए राजस्थान हाइकोर्ट में अपील की गई.अपील पर सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस गणेशराम मीणा नें सुनवाई करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग के उक्त आदेश पर रोक लगाते हुए तुरंत प्रभाव से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ नंदमोहन सुमन को जिला अस्पताल हिंडौन में ही कार्यभार ग्रहण कराने के आदेश दिए।

# अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह के सरगना को भरतपुर में दबोचा


अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह के सरगना महेश पण्ड्या भरतपुर से पकड़ गया।

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह के सरगना महेश पण्ड्या (44) पुत्र पुरुषोत्तम निवासी भरना खुर्द थाना बरसाना जिला मथुरा उत्तर प्रदेश को भरतपुर से पकड़ लिया है। 16 साल से फरार चल रहे आरोपी पर कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम रखा गया था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी महेश पण्ड्या व अन्य के विरुद्ध साल 2008 में कोटा ग्रामीण जिले के थाना कोथून में चोरी के ट्रैक्टर के कूटरचित कागज तैयार कर खरीद फरोख्त का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें घटना के वक्त से ही आरोपी फरार चल रहा था। एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी योगेश यादव एवं एडिशनल एसपी विद्याप्रकाश के सुपरविजन एवं सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आसूचना संकलन के लिए भरतपुर रेंज की ओर रवाना की गई। टीम के सदस्य एएसआई शैलेंद्र शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा की सूचना पर एजीटीएफ ने साइबर सेल कोटा ग्रामीण के सहयोग से आरोपी महेश पण्ड्या को भरतपुर शहर के बाहर हीरादास बस स्टैंड के पास से दस्तयाब कर बुधवार को अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना कौथून पुलिस को सौंप दिया।

एमएन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी महेश पण्ड्या अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का सरगना है। लम्बे समय से यह गिरोह उत्तरप्रदेश व राजस्थान के सीमावर्ती जिलों से चुराए गये ट्रैक्टर व अन्य वाहनों को बिहार राज्य में बेच देते हैं।

थाना पुलिस की टीम आरोपी से इसके गिरोह के अन्य साथियों व चुराये गए वाहनों की खरीद फरोख्त के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र शर्मा व बृजेश कुमार की विशेष भूमिका रही।

# पशु दिवस के उपलक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया



**भुसावर ( निस )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर 24 अप्रेल 2024 बुधवार को विश्व प्रयोगशाला पशु दिवस के उपलक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि मानव पर प्रयोग होने वाली किसी भी दवाई अथवा वेक्सीन का परीक्षण पहले पशुओं जैसे चूहा, कुत्ता, बंदर, सूअर, चिंपांजी आदि पर किया जाता है। मानव और पशुओं की शारीरिक संरचना व आनुवांसिक व्यवस्था असमान होने के कारण दवाइयों के परिणाम भी भिन्न हो सकते है।

अत: हमें दवाइयों के परीक्षण की अन्य तकनीक खोजने की आवश्यकता है। प्रयोग एवं परीक्षण के नाम पर पशुओं के साथ गैर वाजिब अत्याचार किये जाते है, उनके साथ चीड़-फाड़ की जाती है, उनको पिंजरे में बंद रखा जाता है, उन्हें पर्याप्त भोजन नहीं दिया जाता हैं। मानव की पशुओं के साथ यह क्रुरता अमान्य व अमानवीय है। इसे रोका जाना चाहिए हैं। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शादी में आतिशवाजी करने से लगी कबाडी की दुकान व छप्परपोश में आग


गंगापुर सिटी आग से जला कबाड़ का सामान व कर्ज के रूपए।

**गंगापुर सिटी।** जिला मुख्यालय पर 2 जगह पर आग लगने से 7 लाख रुपए नकद और 13 लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। मंगलवार रात गंगापुर सिटी के रिद्धि सिद्धि चौराहा स्थित एक कबाडी की दुकान में आग लगने से करीब सात लाख रुपए की रद्दी मेटल, तांबा और पीतल जलकर राख हो गए। आग की घटना का दूसरा मामला जिला मुख्यालय के पास गांव खानपुर बडौदा में हुआ। शादी में आतिशबाजी के दौरान अचानक आग लग गई। दुकान मालिक अकरम खान ने बताया कि मंगलवार रात दुकान के सामने बारात निकल रही थी, जहां जमकर आतिशबाजी की जा रही थी। इस आतिशबाजी से एक चिंगारी दुकान पर जाकर गिरी और कबाडी की दुकान में मौजूद रद्दी स्टेशनरी ने आग पकड ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पडोसियों ने दुकानदार को सूचना दी। पुलिस प्रशासन, अग्निशमन की गाडियां मौके पर पहुंची और करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीडित दुकानदार ने बताया कि कबाडी की दुकान में लाखों रुपए की रद्दी, मेटल, तांबे और पीतल का कबाड था जो जलकर राख हो गया। वहीं समीपवर्ती ग्राम पंचायत खानपुर बडौदा में मंगलवार रात बारात की चढाई के समय आतिशबाजी हो रही थी। ग्रामीणों और पीडित ने बताया कि रात को जब एक दूल्हे की बारात जा रही थी। तब कुछ लोगों ने उसके झोपडी के बगल में ही आतिशबाजी शुरू कर दी। उन्हें कई बार समझाया भी गया, लेकिन वह लोग शराब के नशे में थे और नहीं माने।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बैठे युवक के सिर में कुल्हाड़ी से वार किया

**बून्दी** (निसं)। बूंदी जिले के कापरेन थाना क्षेत्र के कोडक्या गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जहां हनुमान जयंती के सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक व्यक्ति ने जागरण में बैठे एक व्यक्ति पर पीछे से आकर कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया। जिसके बाद खून से लथपथ युवक वहीं गिर गया। घटना के बाद जागरण में अफरा-तफरी मच गई। घायल व्यक्ति को तुरंत कोटा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मामला मंगलवार रात 11:15 बजे का है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायल युवक के छोटे भाई रणजीत ने बताया कि करीब एक साल पहले तेजमल की पत्नी का ट्रैक्टर से एक्सीडेंट हो गया था। वह ट्रैक्टर भाई बनवारी का था। ऐसे में तेजमल बनवारी से रंजिश रखता था। उसका कहना था कि एक्सीडेंट जानबूझकर किया गया है। इसी के चलते कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। रणजीत मीणा पुत्र सुलतान मीणा निवासी कोडक्या ने गांव के ही तेजमल गुर्जर निवासी कोडक्या के खिलाफ कापरेन थाने में मामला दर्ज कराया है। रणजीत मीणा ने बताया- उसका बड़ा भाई बनवारी मीणा हनुमान जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कीर्तन सुनने गया था। इतने में गांव के तेजमल ने पीछे से आकर उसके सिर में कुल्हाड़ी दे मारी। इसके बाद तेजमल वहां से अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गया। गंभीर घायल बनवारी को कोटा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलक्टर ने अधिकारियों को राज्य, राष्ट्रीय राजमार्गों एवं ग्राम पंचायतों व कस्बाई क्षेत्रों में मुख्य मार्गों पर हो रहे अतिक्रमणों को गंभीरता से लेते हुये अभियान चलाकर हटवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे अतिक्रमणों के कारण आवागमन बाधित होने के साथ साथ दुर्घटनाऐं भी होती हैं इन्हें चिन्हित कर हटवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को पीडीआर एक्ट, रोडा एक्ट, एलआर एक्ट एवं आईआरए एक्ट के तहत वसूली के प्रकरणों में गति लाते हुये सभी अधिकारियों को लक्ष्य तय कर कार्य करने के निर्देश दिये।

अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन नीरज कुमार मीणा ने उपखण्डवार राजस्व मामलों की विस्तार से जानकारी देते हुये सभी अधिकारियों को लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली करने, आन्तरित जॉच के प्रकरणों, विभागीय जॉच के प्रकरणों का समय पर जबाव भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले परिवादों का व्यतिगत रूप से अवलोकन कर निस्तारित करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर शहर श्वेता यादव, सहायक निदेशक लोकसेवाऐं भारती भारद्वाज, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर रवि कुमार, सहायक कलक्टर ओम प्रकाश मीणा सहित जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली


राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुये उपस्थित अधिकारियों को संबोधित को जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया।

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि राजस्व अधिकारी काश्तकारों की समस्याओं का समय पर निराकरण कर क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभाऐं। उन्होंने आम रास्तों, कस्बों में अतिक्रमण के मामलों को गंभीरता से लेते हुये अभियान चलाकर हटाने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुये उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी नियमित रूप से राजस्व न्यायालय में लम्बित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे आम काश्तकार को बार बार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पडें। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बटवारे के प्रकरणों में निर्धारित समय की पालना की जाये, सीमा ज्ञान एवं पत्थरगढी के लम्बित प्रकरणों में फसल कटाई के बाद अभियान चलाकर निस्तारण करें।

उन्होंने राजस्व अधिकारियों को ग्राम पंचायतवार भ्रमण कार्यक्रम बनाकर काश्तकारों से नियमित संवाद रखने, चारागाह-सिवायचक जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने तथा राजस्व रिकार्ड में दर्ज रास्तों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी ग्राम पंचायत में चारागाह जमीन पर बार बार अतिक्रमण हो रहा हो तो उसमें मनरेगा के तहत पंचफल वाटिका का प्रस्ताव तैयार कर स्थानीय स्वंय सहायता समूह या सहकारिता समूह के माध्यम से देखरेख का प्लान तैयार करें।

जिला कलक्टर ने चारागाह, सिवायचक एवं सरकारी भूमि को चिन्हित कर सरकारी सम्पत्ति का बोर्ड लगाने, शमशान, कब्रिस्तान एवं अन्य राजकीय उपयोगार्थ आरक्षित भूमि की सुरक्षा भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि काश्तकारों को आवागमन हेतु रास्तों की समस्या के प्रकरणों में प्रस्ताव तैयार कर नियमानुसार रास्ता दिलाने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने भूमि रूपान्तरण के मामलों में स्वप्रसंज्ञान लेकर राज्य एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के पास अस्थाई दुकान लगाने वाले लोगों को रूपान्तरण के लिये प्रेरित करने तथा सभी लम्बित प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये।

## सर्जिकल एथिक्स पर व्याख्यान दिया

**उदयपुर,** (निसं)। पेसिफिक मेडिकल विवि, पेसिफिक विवि, यूनिवर्सिटी एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज एवं राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान, ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सकीय नैतिकता पर चार दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में पीएमयू के प्रिसिडेन्ट डॉ.एम.एम. मंगल ने सर्जिकल एथिक्स पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि एक सफल चिकित्सक में व्यवहार उसके चरित्र निर्माण को परिलक्षित करता है,साथ ही मरीज को बिना नुकसान चिकित्सीय सेवाओं का प्रदाता बन उसका स्वागत हॅसते हुए करना चाहिए जिससे स्वत: आधी से ज्यादा बीमारी का इलाज हो जाता है। साथ ही जिन बीमारियों का इलाज दवाईयो से सम्भव है वहॉ आवश्यक जांचे करा ऑपरेशन के लिए बाध्य न करें। इस दौरान न्यूरोंसाइन्सेस विभाग के प्रोफेसर एवं हेड डॉ.अतुलाभ वाजपेयी ने कार्यक्रम में अध्यात्म का न्यूरोलॉजिकल एवं वैज्ञानिक आधार पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जैसा हम अक्सर बात करते हैं कि हमारा बुद्धिमान भागफल (आई.क्यू) को दर्शाता है दूसरा भावनात्मक गुणक (ए.क्यू) को दर्शाता है जो हमारे आपस में परस्पर स्नेह पूर्ण संबंधों का मानक है यह आई.क्यू लेफ्ट ब्रेन को नियंत्रित करने वाला होता है एवं एक्यू मुख्यत: राइट ब्रेन से नियंत्रित होता है।

# नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

■ आरोपी को 1.60 लाख जुर्माना लगाया

**बूंदी** (निसं)। जिले के दबलाना थाना क्षेत्र में नाबालिक पीड़िता के साथ करीब 8 माह पुर्व हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी को पोस्को कोर्ट ने 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

विशिष्ट लोक अभियोजक महावीर प्रसाद मेघवाल ने बताया कि17 अगस्त 2023 को पीडिता ने थाना दबलाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट पेश की। जिसमें बताया कि अभियुक्त ने फोन करके पीडिता और आरोपी के मोबाइल से अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए कहा कि तू घर के बाहर आकर के हमसे मिल।

इससे पीड़िता डर गई और जैसे ही वह घर के बाहर आई तो किशोर नाबालिक तथा अभियुक्त शैतान सिंह दोनों ने जबरदस्ती उसे बाइक पर बिठाया और तालाब की तरफ ले जाकर के उसके साथ जोर जबरदस्ती की तथा उसके कपउत्रे फाड़ दिए और उसके साथ दुष्कर्म किया और दुष्कर्म करने के बाद उसको कुएं में गिराने लगे, तभी पीडिता के पास उसके भाई का फोन आ गया तो वह वहां से भाग गए।

उक्त रिपोर्ट पर थाना दबलाना ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान के बाद पोस्को कोर्ट क्रम संख्या 2 में चालान पेश किया। उक्त प्रकरण में बुधवार को पोस्को न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्रा ने निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त शैतान सिह उर्फ बिट्टू सिह पुत्र रामसिंह उर्फ बबलू सिह निवासी सोरण थाना दबलाना को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं 160000 अर्थ दंड से दंडित किया। पोस्को कोर्ट ने इस मामले में एसएफएसएल, जयपुर के निदेशक एफएसएल/डीएनए रिपोर्ट तैयार करने में लापरवाही बरतने में वाले कर्मचारी, अधिकारी के विरुद्ध समुचित कार्यवाही कर नतीजे से इस न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया। विशिष्ट लोक अभियोजक महावीर प्रसाद मेघवाल ने उक्त प्रकरण में पैरवी करते हुए 13 गवाह एवं 35 दस्तावेज प्रदर्शित किए।

## शिविर में 36 यूनिट रक्त संग्रहित

**बूंदी** (निसं)। बुधवार को देवपुरा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बूंदी, देवली, हिंडोली के महिला व पुरुषों में बढ़ चढ़कर 36 यूनिट रक्तदान किया। महेश चांदवानी ने बताया हर वर्ष मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति 24 अप्रैल का दिन संपूर्ण निरंकारी जगत द्वारा देश मे रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। यह दिनयुग प्रवर्तकबाबा गुरबचन सिंह के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याण की भावना को समर्पित है।

